>

Title : Need to set up adequate number of railway crossings for the hassle free movement of villagers in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan.

**श्री राम सिंह कस्वां (चुरू):** मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू, राजस्थान में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत गांवों को जोड़ा गया है, काफी गांव ऐसे हैं जहां इन गांवों में जाने के लिए रेलवे लाइन को पार करना पड़ रहा है। उक्त योजना के अंतर्गत रेल लाइन के दोनों तरफ सड़क का निर्माण किया गया है, लेकिन रेल लाइन पर रेलवे समपार नहीं होने के कारण बड़ी गाड़िया ट्रेक्टर, जीप आदि की बात तो छोड़िये, ऊंट गाड़ी तक भी सड़क मार्ग से गांव तक नहीं जा पा रही है। ऐसी स्थिति में इन गांवों को सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ कैसे माना जा सकता है। मेरे संसदीय क्षेत्र में लगभग 450 किलोमीटर रेल लाइन पर गाड़ियों का संचालन हो रहा है। रेलवे समपार मात्र 35-40 है, कुछ गांव तो ऐसे हैं, जहां 35 किलोमीटर तक एक भी मानवसहित/मानवरहित समपार रेलवे लाइन पर नहीं है। उक्त योजना के अंतर्गत सभी गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ा गया है, जिनकी आबादी 250 से ज्यादा है, लेकिन रेल समपार के अभाव में इस योजना का लाभ ग्रामीण जनता को नहीं मिल रहा है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि उक्त योजना से जुड़े हुए गांवों के सड़क मार्ग पर रेलवे समपार पर होने वाली राशि रेल विभाग के यहां जमा करवाई जाये ताकि रेल समपारों को निर्माण किया जा सके व जनता को इन सड़कों का लाभ मिल सके। उक्त योजना में रेलवे समपार निर्माण भी शामिल किया जाये।